(१) बेलूर और हालबिद के मन्दिर,

(२) ऐहोल और पट्टदकल के मन्दिर,

(३) बादमी की गुफायें और बाण शंकर मन्दिर,

(४) सौदत्त (जिला बेलगाम) का येल्लम्मा मन्दिर,

(५) उत्तर कनारा जिले में मरिकम्ब मन्दिर

(६) करकला में गोमतेश्वर,

(७) बीदर जिले में बासवजी का मन्दिर,

(८) मैसूर में चामुंडी मन्दिर,

(९) उडिपी (दक्षिण कनारा जिला) में श्रीकृष्ण मन्दिर, और

(१०) श्रृंगेरी में शंकर मठ ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर सरकार ने क्या निर्णय किया है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं । क्रम संख्या (१) (२), (३) और (४) में वर्णित मन्दिर पहले से ही संरक्षित स्मारक हैं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Naga Hostiles

1962. **Shri P. C. Borooah:**
Shri P. R. Chakraverti:
Shri Vishwa Nath Pandey:
Shri A. N. Vidyalankar:

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that several Naga hostiles attacked Mao police station on Imphal-Dimapur National Highway, with machine-guns and hand grenades on 15-16th **January, 1964;**

(b) if so, the number of persons injured or killed in the raids; and

150(Ai)LSD—3

(c) Government's reaction thereto?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Hathi): (a) Yes, Sir.

(b) None was killed or injured in the raid.

(c) The area has already been declared a disturbed area under the Armed Forces (Assam and Manipur) Special Powers Act, 1958, and necessary precautions have been taken in this connection by the Security Forces.

उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासन सेवा तथा भारतीय सैनिक सेवा पदाधिकारी

१९६३. श्री विश्वनाथ पाण्डेय : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उत्तर प्रदेश के भारतीय प्रशासन सेवा और भारतीय प्रसैनिक सेवा के कितने पदाधिकारी केन्द्रीय शासन में डेपुटेशन पर भेजे गये हैं जो जनवरी, १९६४ में केन्द्र में काम कर रहे थे ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ल० ना० मिश्र): १-१-१९६४ को उत्तर प्रदेश कोटि के ९० पदाधिकारी केन्द्र में अथवा केन्द्र के अन्तर्गत कार्य कर रहे थे ।

अरबी भाषा संस्था

१९६४. श्री विश्वनाथ पाण्डेय : क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अरबी भाषा के अध्ययन के लिये एक केन्द्रीय अरबी भाषा संस्था बनारस में खोलने का विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो कब ; और

(ग) इस संस्था पर कितना व्यय होने की संभावना है ?

शिक्षा मंत्री (श्री मु० क० चागला) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग). प्रश्न नहीं उठता ।